दिन– रविवार दिनांक– 11 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने केन्द्र से बाढ़ से स्थायी राहत के लिए विशेष पैकेज और विकास के लिए ब्याजमुक्त एक लाख करोड़ रूपये ऋण की मांग की।

02. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए पिछले गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड को पार करते हुये इस वर्ष चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हुये।

03. राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां आज पटना में प्रदेश के सभी विश्वविद्यलयों के कुलपतियों के साथ करेंगे बैठक।

04. और, प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– आज से न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी। लोगों को ठंड से मिलेगी मामूली राहत।

————————————————————————

राज्य सरकार ने केन्द्र से बाढ़ से स्थायी राहत के लिए विशेष पैकेज और विकास के लिए ब्याजमुक्त एक लाख करोड़ रूपये ऋण की मांग की है। नई दिल्ली में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के साथ प्रदेश के वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बिहार की जरूरतों को गिनाते हुये यह मांग की। बैठक में श्री यादव ने केन्द्रीय वित्त मंत्री से बाढ़ प्रबंधन, पूंजी निवेश, कृषि तकनीक, औद्योगिक विकास और कर हिस्सेदारी से जुड़े मुद्दों पर विशेष बातचीत की। इस दौरान श्री यादव ने उत्तर बिहार में बाढ़ से होने वाली त्रासदी पर कहा कि नेपाल से होकर बिहार में बहने वाली नदियां उत्तरी भागों में बार–बार आने वाली भीषण बाढ़ का मुख्य कारण रही हैं। बैठक में श्री यादव ने सुदृढ़ आधारभूत संरचना के जरिये वैज्ञानिक बाढ़ प्रबंधन पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि तात्कालिक उपायों जैसे तटबंधों को मजबूत करने और प्रभावित समुदायों के पुनर्वास के साथ–साथ दीर्घकालिक समाधान के रूप में नदी जोड़ को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

————————————————————————

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नई दिल्ली में राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के साथ बजट पूर्व परामर्श बैठक की। वित्त मंत्रालय ने बताया कि प्रतिभागियों ने वित्त मंत्री को केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के लिये अनेक सुझाव दिए। बिहार सहित कई राज्यों के प्रतिभागियों ने अधिक धनराशि आवंटन के साथ राज्यों के लिये विशेष पूंजी निवेश सहायता योजना जारी रखने का सुझाव दिया।

————————————————————————————

राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां आज पटना स्थित बिहार लोक भवन में प्रदेश के सभी विश्वविद्यलयों के कुलपतियों के साथ बैठक करेंगे। राज्यपाल की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालयों के बीच समन्वय कायम करने पर विशेष रूप से चर्चा होगी। साथ ही सरकार की ओर से नवगठित उच्च शिक्षा विभाग के स्वरूप पर भी बातचीत होगी। बैठक में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे।

————————————————————————————

इस वर्ष प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष तीन करोड़ छप्पन लाख के गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड को पार कर चुका है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि इस वर्ष राज्य में तीन नये मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना की जाएगी। कटिहार में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि तीन से चार नये निजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भी इस साल खुलने की संभावना है।

———बाइट———

————————————————————————————

प्रदेश के चौवालीस लाख से अधिक किसानों का ई–केवाईसी और बारह लाख से अधिक किसानों का फॉमर्र आईडी बनकर तैयार हो गया है। अभियान में अब तक सात लाख अंठावन हजार से अधिक प्रधानमंत्री किसान लाभार्थी शामिल हुए हैं। उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इस महाअभियान के तहत किसानों का पंजीकरण सरकार की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि यूनिक किसान आईडी के माध्यम से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना सहित सभी सरकारी योजनाओं का पारदर्शी और समयबद्ध लाभ मिलेगा। श्री सिन्हा ने किसानों से इक्कीस जनवरी तक चलने वाले इस अभियान में शामिल होने की अपील की है।

————————————————————————————

प्रदेश में बेहतर पुलिस सेवा के लिए पटना में कल से दो दिवसीय पुलिस सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री सम्राट

चौधरी करेंगे। इस दौरान पुलिस महानिदेशक विनय कुमार सहित सभी पुलिस अधिकारी शामिल होंगे।

———————————————————————

गृह विभाग ने बिहार पुलिस में अनुकम्पा आधारित नियुक्ति को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए अनुकम्पा पोर्टल लान्च किया है। इस पोर्टल के जरिये अब मृत पुलिस कर्मियों के आश्रितों को ऑनलाईन आवेदन करना होगा। इसके साथ ही आवेदन की निगरानी की सुविधा पोर्टल पर रहेगी। आवेदक को पहले मोबाईल नम्बर और ई–मेल आईडी के साथ निबंधन कराना होगा। इसके बाद दस्तावेजों को अपलोड करने की सुविधा दी जायेगी।

———————————————————————

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अपनी गलती मानते हुए कंटेट मॉडरेशन यानी सामग्री प्रबंधन मानकों में त्रुटि की बात स्वीकार की है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि कम्पनी ने व्यवहार्य विधानों और विनियमों के अनुरूप काम करने का वादा किया है। एक्स प्लेटॅफॉर्म पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से विकसित सामग्री सहित अश्लील और आपत्तिजनक सामग्री आने के बाद यह मुद्दा उठा था। छानबीन के बाद लगभग 35 हजार सामग्री ब्लॉक की गयी और छह सौ से अधिक अकाउंट डिलीट कर दिए गए है। एक्स ने कहा कि वह अब अपने प्लेटफॉर्म पर किसी अश्लील सामग्री की अनुमति नहीं देगा।

———————————————————————

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भारतीय डाक की दो नई सेवाओं– स्पीड पोस्ट 24 और स्पीड पोस्ट 48 की घोषणा की है। ये सेवाएं चौबीस और अड़तालीस घंटे में डाक और दस्तावेजों को सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी। श्री सिंधिया ने मध्य प्रदेश में एक कार्यक्रम के दौरान यह घोषणा की। यह डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं समयबद्ध, विश्वसनीय और त्वरित डिलीवरी का नया मानक स्थापित करेंगी।

———बाईट———

———————————————————————

प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। सर्द पछुआ हवा के कारण जन जीवन प्रभावित हो रहा है। पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। राज्य के सोलह जिलों में न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज पटना, नालंदा,

जहानाबाद, दरभंगा, मधुबनी, सीतामंढ़ी, किशनगंज, पूर्णिया, मधेपुरा और सहरसा जिलों सहित कई हिस्सों में कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया है। इधर, मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस से अड़तालीस घंटों के दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है।

---बाइट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान चार दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ गयाजी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा।

---

अत्यधिक ठंड और कुहासे के मद्देनजर सहरसा जिला प्रशासन ने दसवीं कक्षा तक पठन–पाठन चौदह जनवरी तक स्थगित रखने के आदेश दिये हैं। वहीं, भोजपुर और मधेपुरा जिला प्रसाशन ने आठवीं कक्षा तक सभी स्कूलों को तेरह जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है।

---

मुंगेर सदर अंचल के एक राजस्व कर्मचारी को निलंबित कर दिया गया है। मुंगेर के डीएम निखिल धनराज ने शनिवार को अंचल की जमाबंदी पंजी–दो में छेड़छाड़ करने कां दोषी पाते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। इसके साथ ही तत्कालीन सीओ प्रीति कुमारी, वर्तमान राजस्व अधिकारी प्रभात कुमार, राजस्व कर्मचारी रंजीत कुमार तथा सतीश कुमार आर्य को इस संबंध में कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

---

पटना के गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस की तैयारी को ध्यान में रखते हुए ग्यारह जनवरी से आम लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी गयी है। उधर प्रशासन ने मकर संक्रांति पर गंगा में नाव परिचालन पर रोक लगा दी है।

---

पूर्वी चंपारण के रक्सौल बॉर्डर पर घुसपैठ करते श्रीलंका के एक नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। एसएसबी और इमिग्रेशन की टीम की कार्रवाई में श्रीलंका के इस नागरिक के साथ एक मददगार को भी पकड़ा गया है।

---

निगरानी की टीम ने खगड़िया में लेखा पदाधिकारी शिशिर राय के सहरसा स्थित आवास पर छापेमारी की है। छापेमारी के दौरान तीन लाख रूपये नकद और आभूषण के साथ निवेश के कई दस्तावेज जब्त किये गये हैं। शिशिर राय को 18 हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था।

———————————————————————————

मोतिहारी में सम्पन्न बत्तीसवीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के बालक वर्ग के फाईनल मुकाबले में बेगूसराय ने किलकारी पटना को पराजित कर खिताब पर कब्जा किया है। वहीं, बालिका वर्ग में बाढ़ की टीम बेगूसराय को हराकर चैंपियन बनी है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– कोहरे की आगोश में बिहार। प्रदेश में गयाजी सबसे ठंडा रहा।

दैनिक जागरण लिखता है– एनडीए के दलों ने बारी –बारी से की है नीतीश को भारत रत्न देने की वकालत।

दैनिक भास्कर की विशेष खबर है– नेपाल में भारत से सटे बॉर्डर पर पाकिस्तान की फंडिंग से बन रहे सैकड़ों मदरसे।

प्रभात खबर लिखता है– हाजीपुर में बनी बच्चों की सिरप अलमोंट किड पर लगी रोक।

आज अखबार का शीर्षक है– मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के तहत युवाओं को छह हजार मासिक स्टाईपेंड।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने केन्द्र से बाढ़ से स्थायी राहत के लिए विशेष पैकेज और विकास के लिए ब्याजमुक्त एक लाख करोड़ रूपये ऋण की मांग की।

02. परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए पिछले गिनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड को पार करते हुये इस वर्ष चार करोड़ से अधिक पंजीकरण हुये।

03. राज्यपाल सह कुलाधिपति आरिफ मोहम्मद खां आज पटना में प्रदेश के सभी विश्वविद्यलयों के कुलपतियों के साथ करेंगे बैठक।

04. और, प्रदेशभर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान– आज से न्यूनतम तापमान में होगी बढ़ोतरी। लोगों को ठंड से मिलेगी मामूली राहत।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।